भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 74
जिसका उत्तर सोमवार, 18 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है

ऑटोमोबाइल उद्योग में मंदी

74. श्री ए. विजयकुमार :

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि हाल के वर्षों में देश में ऑटोमोबाइल उद्योग में मंदी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या तमिलनाडु में कई कार विनिर्माण इकाइयां बंद हो चुकी हैं और उत्पादन में कमी आई है; और

(घ) यदि हां, तो ऑटोमोबाइल-क्षेत्र की स्थिति में सुधार करने हेतु कौन-कौन से उपाय किए गए हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): अनेक अर्थव्यवस्थाओं में आवर्ती मंदी है। अप्रैल-सितम्बर, 2018 के दौरान 14.1 मिलयन वाहनों की तुलना में इस वर्ष 11.7 मिलियन वाहनों (सभी श्रेणी) की बिक्री हुई। लेकिन त्यौहारी मांग ने यात्री वाहन सेगमेंट में 0.3% की दर से वर्ष दर वर्ष वृद्धि की है।

(ग): तमिलनाडु राज्य के लिए इस संबंध में कोई विशिष्ट सूचना उपलब्ध नहीं है।

(घ): सरकार एक नीति निर्माता के रूप में, जब कभी आवश्यक होता है, उद्योग के व्यापक और निरंतर विकास के लिए अनेक उपायों के माध्यम से हमेशा अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने और इसमें सुधार करने का प्रयास करती है।

******